**Need to establish an ethanol production unit in Burhanpur district in Madhya Pradesh-laid**

श्री ज्ञानेश्वर पाटील **(**खण्डवा**) :** इथेनॉल एक नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत है जिसकी मांग लगातार बढ़ रही है । गन्ने के कचरे से इथेनॉल का उत्पादन एक व्यवहार्य और लाभदायक व्यवसाय है, जो न केवल चीनी उद्योग को विविधता प्रदान करता है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी फायदेमंद है । मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बुरहानपुर जिला एक प्रमुख चीनी उत्पादक है, और मुझे विश्वास है कि इथेनॉल यूनिट की स्थापना से इथेनॉल की बिक्री से फैक्ट्री के राजस्व में वृद्धि होगी । इथेनॉल उत्पादन में गन्ने के कचरे का बेहतर उपयोग होगा, जिससे अपशिष्ट कम होगा । इथेनॉल एक स्वच्छ ईंधन है, जो प्रदूषण को कम करने में मदद करता है । हमारी सरकार इथेनॉल उत्पादन को बढ़ावा दे रही है, और इस परियोजना के लिए वित्तीय सहायता भी उपलब्ध है । इसलिए मैं सम्बंधित मंत्री महोदय जी से अनुरोध करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र खंडवा के अंतर्गत बुरहानपुर जिले में इथेनॉल यूनिट की स्थापना की जाय यह यूनिट एक सफल और लाभदायक उद्यम साबित होगी ।